

दैनिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

‘नवाचार प्रौद्योगिकी प्रबंधन’ पुस्तक मे एस.एम.एस. बडी भागीदारी

सेन्टर फार इजुकेशन ग्रोथ व रिसर्च संस्थान , नई दिल्ली द्वारा उनकी 14वीं पुस्तक का विमोचन कुछ दिनो पूर्व अखिल भारतीय तकनीकी परिषद के सदस्य-सचिव, प्रोफ. ए.पी. मित्तल, जो इस पुस्तक के मुख्य सम्पादक भी है, द्वारा किया गया । इससे सी.ई.जी.आर. के गौरवमयी इतिहास में एक नई उपलब्धि दर्ज हुई। श्री रवीश रोशन, निदेशक सी0ई0जी0आर0 द्वारा अवगत कराया गया कि, इस पुस्तक का पाठ्यक्रम भारतवर्ष में प्राथमिक अनुसंधान के आधार पर तैयार किया गया है, जिसमे पाठ्यक्मानुसार सभी ‘मूल-चैप्टर’ शामिल किए गये है। आशा है कि विद्यार्थियों / शोधार्थियो के लिए यह एक प्रकार की अनोखी पुस्तक साबित होगी, जिससे वे सभीलोग अत्याधिक लाभांवति हो सकेगे। इस पुस्तक का विमोचन ‘नवाचार समिट ’ के दौरान श्री ए0पी0 मित्तल, सदस्य-सचिव, अखिल भारतीय तकनीकी परिषद, डॉ0 रमेश उन्नीकृष्णन, निदेशक, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, डॉ0 सोनाली सिन्हा, सी0ओ0ओ0, एवं एस0डी0सी0, श्री कुँवर शेखर विजेन्द्र कुलाधिपति, शोभित विश्वविद्यालय, श्री वी0एम0 बन्सल, अध्यक्ष, नई दिल्ली प्रबन्धन संस्थान, तथा विभिन्न क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षाविद की उपस्थिति मे किया गया । ‘स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज, लखनऊ के महानिदेशक डॉ0 भरत राज सिंह का इस पुस्तक मे सर्वाधिक चैप्टरों का योगदान रहा। इनके द्वारा 14-चैप्टर की इस पुस्तक में 3-चैप्टरो को जोडकर ‘एक नया कीर्तिमान’ स्थापित किया गया। यह पुस्तक अब सभी अग्रणी बुक स्टाल पर मौजूद है ।स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज के अध्यक्ष, श्री एस0के0 सिंह तथा सचिव व कार्यकारी अधिकारी, श्री शरद सिंह ने एस.एम.एस. संस्थान की इस उपलब्धि हेतु प्रख्यात-शिक्षाविद डा0 भरत राज सिंह को साधुवाद ज्ञापित किया और शिक्षा जगत में उनके इस अद्वतीय योगदान के लिये सराहना भी की।